बिहार में भू-स्वामियों को अदा किया गया मआवजा

1663. श्री आस मोहम्मद : क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार बिहार में उस भूमि के मालिकों को, जहां पर खनिजों के भंडार मिले हैं कोई मुआवजा देती है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान जिस भूमि में खनिजों के भंडार मिले हैं उस भूमि के मालिकों से प्राप्त की गई अनुमति का ब्यौरा क्या है ?

खान मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री बलराम सिंह यादव) : (क) से (ग) खनिज रियायत नियम, 1960 के अनुसार यह अपेक्षित है कि जो भूमि प्रार्थी की नहीं है उस पर पूर्वेक्षण लाइसेंस या खनन पट्टे के लिए आवेदन करने से पूर्व उस भूमि के भू-स्वामी की सहमति प्राप्त कर ली जाए । इस प्रकार की सहमति आपस में मान्य शर्तों अथवा नियम 72 के प्रावधानों में निर्धारित क्षतिपूर्ति के आधार पर भू-स्वामियों द्वारा दी जा सकती है । जिन शर्तों पर ऐसी सहमति दी जाती है उन्हें भू-स्वामी और संबंधित आवेदक द्वारा आपस में तय किया जाता है और ऐसे प्रत्येक मामले में तय किए गए शर्तों के ब्यौरे सरकार को नहीं भेजे जाते ।

खानों का निजीकरण

1664. श्री अजीत जोगी :
श्री राम गोपाल यादव:

क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने घाटे में चल रही खानों को बन्द करने और उनके निजीकरण को प्रोत्साहन देने का निर्णय लिया है ; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ?

खान मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री बलराम सिंह यादव) : (क) जी, नहीं । देश में खनन कार्य निजी तथा सरकारी दोनों ही क्षेत्रों में हो रहा है। किसी खान विशेष पर काम करने अथवा उसे समाप्त करने के बारे में एक वाणिज्यिक निर्णय संबंधित पट्टाधारी द्वारा लिया जाता है न कि सरकार द्वारा।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

Joint venture in mining

1665. SHRr RAMDAS AGARWAL:
-SHRl SATISH AGARWAL:

Will the Minister of MINES be pleased to state:

(a) whether Government have decided to set up an Advisory Committee to help and guide foreign investors for setting up joint ventures in mining in India and also to provide them the requisite technical and policy support;

(b) whether Government received good response from potential foreign investors particularly after the International Round Table Conference on Foreign Investment in Exploration and Mining held in April, 1994;

(c) if so, what are the areas in which the foreign investors seem interested in exploration and exploitaion; and

(d) what was the total value of mineral production covering metalliferous and industrial minerals but excluding fuel and atomic minerals, during the first four months of th© current year as compared to the corresponding last year?